



## एक नजर में

### स्टार्टअप को हर माह मिलेगी 10 हजार रुपए तक की सहायता

**खंडवा.** प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 24 फरवरी 2025 के बाद स्थापित होने वाले पात्र स्टार्टअप को मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीतिङ्ग2025 के तहत 10 हजार रुपए प्रतिमाह की दर से 12 माह तक सहायता दी जाएगी। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र श्री मनोज रावत ने बताया कि इस सहायता के साथ ही पात्र स्टार्टअप को ÷मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना÷ में बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 5 प्रतिशत का ब्याज अनुदान एवं 15 प्रतिशत अधिकतम रू. 15 लाख तक की सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति इस सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खंडवा में प्रबंधक सुश्री सपना विजयकर एवं सहायक प्रबंधक श्री अजितेश आर्य से संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 11 एवं 12 जनवरी 2026 को रविन्द्र भवन, भोपाल में "मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड 2026" कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भागीदारी हेतु इच्छुक स्टार्टअप startup.mp.gov.in पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर पंजीयन कर सकते हैं।

### इटावा से मुंबई भाग रहे प्रेमी युगल का 'सफर' खंडवा में थमा



**खंडवा. खंडवा।** उत्तर प्रदेश के इटावा से परिजनों को बिना बताए मुंबई जाने के लिए निकले दो नाबालिग प्रेमी युगल को खंडवा में पकड़ लिया। अलग-अलग समुदाय से ताल्लुक रखने वाले इन नाबालिगों के बीच पिछले डेढ़ साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस पूरे घटनाक्रम में इटावा पुलिस की तकनीकी सर्विलांस, खंडवा आरपीएफ की मुस्तैदी और बाल कल्याण समिति की पहल ने बड़ी भूमिका निभाई, जिससे दोनों बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सका। घटना के अनुसार, नाबालिग लड़की के पिता ने इटावा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस लगातार मोबाइल सर्विलांस के जरिए उनकी लोकेशन ट्रेस कर रही थी। जांच में पता चला कि पुलिस को चकमा देने के लिए नाबालिगों ने कई बार ट्रेनें बदलीं। वे पहले ग्वालियर, फिर बीना उतरे और अंत में पंजाब मेल पकड़कर मुंबई के लिए रवाना हो गए। इटावा पुलिस के तकनीकी इनपुट के आधार पर आरपीएफ खंडवा ने तत्काल मोर्चा संभाला। आरपीएफ के प्रधान आरक्षक देवेंद्र सिंह द्वारा ट्रेन के खंडवा पहुँचते ही दोनों को सुरक्षित उतार लिया गया। रात करीब 3 बजे होने के कारण, सुरक्षा की दृष्टि से बालिका को तत्काल 'वन स्टॉप सेंटर' में आश्रय दिलाया गया, जहाँ उसे भोजन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया। काउंसलिंग और दस्तावेजी प्रक्रिया में बाल कल्याण समिति सदस्य मोहन मालवीय, रुचि पाटिल, कविता पटेल, स्वप्निल जैन, बाल संरक्षण अधिकारी टीका सिंह बिल्लौरे, तथा पुष्पेंद्र सिंह मंडलोई और धर्मेंद्र चौहान ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा कलेक्टर खंडवा के निर्देश पर कार्रवाई की तेज

**ओंकारेश्वर.**( नि प्र )नर्मदा नदी में दौड़ती वैध - अवैध नावों को लेकर खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देश के तहत नगर परिषद सीएमओ श्रीमती मोनिका बोपचे द्वारा प्रभावी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है राजस्व निरीक्षक नीरज रावत ने बताया की शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में नगर परिषद द्वारा नावों का सर्वेक्षण कार्य तीन चरणों में किया जा चुका है। इसी क्रम में 01 जनवरी को कुल 269 नावों का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिनमें से 60 नावों पर नंबर प्लेट (तख्ती) लगाई जा चुकी है। शेष नावों पर नंबर प्लेट यथा शीघ्र लगाई जावेगी साथ ही, जिन नावों पर निकाय की नंबर प्लेट नहीं लगने पर उक्त नावों को अवैध की श्रेणी में लिया जाकर कलेक्टर के निर्देश अनुसार एक नाव को जप्त कर राजसात कर निकाय के द्वारा वन मंडल बड़वाह में रखा जावेगा नावों के नाव मालिकों इस हेतु ऐसे अवैध नाव संचालक एवं नाव मालिकों को भी यह अवगत करवाया जा रहा है कि वह अपनी अनाधिकृत नावों को नर्मदा नदी से 07 दिवस के भीतर बाहर निकाल लेवे

### रोशनी में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर का भूमि पूजन



**खंडव** .प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शुक्रवार को जिले के खालवा विकासखंड के ग्राम रोशनी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत स्वीकृत इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। लगभग 1.36 करोड रुपए लागत के इस निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ÷लखपति दीदी÷ की अवधारणा को खंडवा जिले में साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूह की महिलाएं सब्जी उत्पादन, मत्स्य उत्पादन और पशुपालन जैसी गतिविधियों को एक साथ करके आसानी से लखपति बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अन्य गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रमिला बाई, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के तहत ग्राम रोशनी में लगभग 1.36 करोड रुपए लागत से पॉन्ड बायोफ्लॉक, बायोफ्लोक 7 टैंक और केज कल्चर का निर्माण किया जाएगा। मंत्री डॉक्टर शाह ने इस अवसर पर कहा कि हरसूद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी हैं द्य उन्होंने कहा कि ग्राम रोशनी में तालाब निर्माण से आसपास के गांव में भी भूजल स्तर बढ़ेगा और कृषि उत्पादन में भी सुधार होगा। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि रोशनी में जनजाति कार्य विभाग के दो और छात्रावास निर्मित कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरसूद एवं खालवा के महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध है। अगले शिक्षा सत्र से यह व्यवस्था की जाएगी कि हरसूद एवं खालवा के महाविद्यालय तक इन वाहनों से ग्राम रोशनी के विद्यार्थी भी कॉलेज तक आ जा सकें।

# सड़कों पर मिनी पंजाब सा नजारा

## पंज प्यारों की अगुवाई में निकला भव्य नगर कीर्तन



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** सिखों के दसवें गुरु, सरबंस दानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर शुक्रवार को खंडवा शहर आस्था, सेवा और शौर्य के रंगों में सराबोर नजर आया। गुरुद्वारे से आरंभ हुए भव्य नगर कीर्तन में श्रद्धा का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा शहर 'वाहे गुरु' के जयकारों से गूंज उठा। परम्परागत बाना धारण किए पंज प्यारों की अगुवाई और पंजाब से आए गतका दल के शौर्य प्रदर्शन ने इस आयोजन को ऐतिहासिक भव्यता प्रदान की।

गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में आयोजित इस विशाल चल समारोह का नेतृत्व पंज प्यारों–सरदार अमनदीप सिंह सलूजा, सरदार हर्षदीप सिंह टूटेजा, सरदार हरजप सिंह बत्रा, सरदार सिमरत सिंह होरा और सरदार अंशदीप सिंह भाटिया ने किया।

### इन मार्गों से गुजरा आस्था का कारवां

गुरुद्वारे से अरदास के उपरांत शुरू हुआ यह नगर कीर्तन स्टेशन रोड, केवलराम चौराहा, बॉम्बे बाजार, नगर निगम, जलेबी चौक, बजरंग चौक और कहारवाड़ी होते हुए पुनः गुरुद्वारे पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे रास्ते सतनाम वाहेगुरु का जाप करतीं महिलाओं के जत्थे और शब्द कीर्तन की मधुर धुनों ने राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया।

### गतका दल ने दिखाया खालसा का शौर्य

जुलूस का मुख्य आकर्षण पंजाब से विशेष रूप से बुलाए गए हुनरमंद कलाकारों का गतका प्रदर्शन रहा। युवाओं ने तलवारबाजी, लाठी चालन और अग्नि के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाकर सिख मार्शल आर्ट की गौरवशाली परंपरा को जीवंत कर दिया। इन साहसिक प्रदर्शनों ने दर्शकों की सांसें थाम दीं।

### 100 से अधिक मंचों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

शहर की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल तब देखने को मिली जब विभिन्न समाजजनों, व्यापारियों और संगठनों ने 50 से अधिक स्थानों पर मंच लगाकर जुलूस का भव्य स्वागत किया। कहीं गुलाब के फूलों की वर्षा की गई, तो कहीं श्रद्धालुओं के लिए शरबत, फल और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

**सेवा और अनुशासन का अनूठा संदेश -** चल समारोह ने न केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन किया, बल्कि नागरिक कर्तव्यों की एक नई लकीर भी खींची। भव्य आयोजन के बीच सिख समाज ने स्वच्छता की मिशाल पेश की। जैसे जैसे जुलूस आगे बढ़ा, समाज के सेवादारों की एक विशेष टोली हाथों में झाड़ू और डस्टबिन थामे जुलूस के पीछे चलती रही। स्वागत में हुई पुष्पवर्षा और प्रसादी के दोनों को यह टोली तुरंत साफ करती गई। धार्मिक उत्सव के बीच सड़क पर कचरा न छोड़ने की यह पहल गुरु साहिब की 'सेवा' की असली मायने सिखा गई। चल समारोह में प्रमुख रूप से गुरमीत सिंह उबेजा, रणवीर सिंह चावला, सिंदरपाल सिंह चावला, दलजीत सिंह खनूजा, मनजीत सिंह छाबड़ा, अरविंद सिंह सचदेवा, तजिंदर सिंह होरा, मनमीत अजमानी, टीटू बग्गा हरविंदर सिंह होरा, सिमरन सिंह चावला, तनवीर सिंध चावला उपस्थित थे

## प्रकाश पर्व पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

### आज को गुरुनानक सीनियर स्कूल में विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे नि-शुल्क परामर्श व दवाइयाँ

**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर गुरु सिख सभा खंडवा के तत्वाधान में शुक्रवार 03 जनवरी 2026 को एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्वर्गीय सरदार सुरजीत सिंह अजमानी एवं स्वर्गीय सरदार नरेंद्र सिंह चावला की स्मृति में आयोजित होगा। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरुनानकपुरा, टपालचाल, खंडवा में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सुबह 10 बजे सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तन्वे एवं परमजीत सिंह नारंग द्वारा किया जाएगा। शिविर में खंडवा एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों के लिए विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# नवीन निगम भवन का निरीक्षण

## मार्च 2026 तक स्टाफ शिफ्टिंग का लक्ष्य



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव द्वारा नवीन नगर निगम भवन का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत, श्री अमर यादव, कार्यपालन यंत्री श्री राधेश्याम उपाध्याय, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री सुनील जैन, सहायक जनसंपर्क अधिकारी गौरव खरे, उपयंत्री श्री भारत सुरजाये तथा ठेकेदार श्री दीपेश राठौर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। निर्माण कार्य लगभग पूर्ण, मार्च 2026 तक स्टाफ शिफ्टिंग का लक्ष्य

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नवीन निगम भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। वर्तमान में चौथी मंजिल पर अंतिम चरण का कार्य जारी है। अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि मार्च 2026 तक भवन पूर्ण कर लिया जाएगा तथा इसके पश्चात नगर निगम का समस्त स्टाफ चरणबद्ध रूप से नए भवन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव एवं कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि इस भवन को अक्टूबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था, किंतु कार्य की सतत मॉनिटरिंग और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के कारण फरवरीङ्कमार्च 2026 तक ही इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भवन में की गई वेंटिलेशन व्यवस्था की विशेष रूप से सराहना की गई।

# राज्य स्तरीय टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता

## खंडवा के छह खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** साल की पहली मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता 4 जनवरी से इंदौर में शुरू हो रही है। इस टूर्नामेंट में खंडवा के छह लॉन टेनिस खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस वर्ष भी खंडवा के टेनिस सितारे यथार्थ यादव को मध्यप्रदेश टेनिस में चौथी सीड मिली है। खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेल प्रशिक्षक ग्रेड 1 (एनआईएस) अमीन अहमद ने बताया कि 4 से 12 जनवरी तक इस वर्ष की प्रथम मध्यप्रदेश राज्य रैंकिंग टेनिस प्रतियोगिता मध्यप्रदेश टेनिस संघ द्वारा इन्दौर में आयोजित की जा रही है। इंदौर के रेसीडेन्सी क्लब में आयोजित इस टूर्नामेंट में खंडवा टेनिस केन्द्र के छह खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अन्डर–12 और 14 अर्जुन मण्डलोई, अन्डर–12 और 14 आयुवर्ग में वंश खिंची, अन्डर–12 और 14 में सूर्यांश कनेल, अन्डर–14 और 18 में विष्णु बैस, अन्डर–18 पुरूष वर्ग में यथार्थ यादव भाग ले रहे हैं। सुनील जैन ने बताया कि यर्थाथ यादव को प्रतियोगिता में अन्डर–18 आयुवर्ग में इस वर्ष भी चौथी सीड मिली है। अन्डर 14 में पिहुल रावत सहभागिता कर रहे हैं। टेनिस केंद्र के सीनियर खिलाड़ी %श्री नवले% प्रतियोगिता में रेफरशिप करेंगे। कोच अमीन अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता के पात्रता दौर 4 से 6 जनवरी एवं मुख्य दौर 7 से 12 जनवरी तक आयोजित होंगें। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज राय, जिला पंचायत मुख्य कार्यापालन अधिकारी नागार्जुन गौड़ा, जिला खेल अधिकारी रूप सिंह कलेश, एटीडीएस अध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी, समाजसेवी सुनील जैन ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### डैम से अचानक छोड़ा पानी, 10 मजूदर फंसे

**खंडवा।** खंडवा में ओंकारेश्वर बांध परियोजना से अचानक छोड़े गए पानी से आफत सी बन गई। शुक्रवार को मोरटक्का में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की एप्रोच बह गई। इस दौरान काम कर रहे मजदूरों की जान पर आ गई। एप्रोच का आधा हिस्सा बह जाने से बीच नर्मदा में मजदूर फंस गए। पानी बढ़ने से पुल निर्माण के लिए बनाया गया एप्रोच बह गया। पानी बढ़ने से पुल निर्माण के लिए बनाया गया एप्रोच बह गया।

# नववर्ष पर आत्मकल्याण का संदेश



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा। नववर्ष शुभ संकल्प करने और उन्हें आचरण में उतारने का अवसर होता है—यह संदेश आचार्य श्री विभव सागर महामुनि राज ने नववर्ष के अवसर पर खंडवा वासियों को दिया। भगवान मुनि सुव्रतनाथ जिनालय परिसर, णमोकार नगर में जैन समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मंगल भावों से किया गया आत्मकल्याण तीन लोकों के लिए मंगलकारी सिद्ध होता है।**

आचार्य श्री ने बताया कि 20 दिवस के प्रवास में खंडवा निवासियों ने वर्षभर का आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। संघ का प्रवेश 2025 में हुआ और 2026 में विहार हो रहा है। खंडवा के सभी जिनालय एवं जिन प्रतिमाएं जन-जन के लिए मंगलकारी हैं। घासपुरा जिनालय में नित्य सम्मेद शिखरजी के दर्शन तथा नवकार नगर का संत निवास, संतों के आगमन को सहज बनाता है। आचार्य रविसेन विरचित 1500 पृष्ठों के पद्म पुराण को सार रूप में पाँच दिनों में समझाया गया। उन्होंने शास्त्रों के नियमित अध्ययन पर बल देते हुए कहा कि शास्त्र अलमारी में सजाने के लिए नहीं, बल्कि स्वाध्याय के लिए हैं। प्रतिदिन णमोकार महामंत्र की एक माला और शास्त्र स्वाध्याय का संकल्प नववर्ष को सार्थक बनाता है।

### वाटर हार्वेस्टिंग की फर्जी फोटो अपलोड करने वाले शिक्षकों पर गिरी गाज

**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** 'मिशन अमृत संचय' अभियान के तहत रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के बजाय 'कैच द रेन' पोर्टल पर एडिटेड (कूट रचित) फोटो अपलोड करना शिक्षकों को भारी पड़ गया। जांच में मामला सही पाए जाने पर कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के निर्देश पर ओंकारेश्वर संकुल के शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की गई है।कलेक्टर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षक विद्या दुबे (ओंकारेश्वर) और उच्च श्रेणी शिक्षक संध्या राजपूत (पंधाना) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, प्राचार्य जगदीश मुनेवर और प्रधान पाठक रमावती कनेल को निलंबित करने का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा गया है। इसके अलावा उच्च माध्यमिक शिक्षक दिनेश चौहान, सरिता सोलंकी और भारती यादव की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा की गई है। अतिथि शिक्षक मनोज काले और लोकेन्द्र यादव का दो माह का वेतन काटा गया है, जबकि व्यावसायिक प्रशिक्षक सचिन यादव की सेवाएं वापस कर दी गई हैं।

एक नजर — अवैध निर्माणों पर निगम की सख्ती

# दीवारें ढहाई, सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** शहर में हाल ही में भैरव तालाब क्षेत्र में हुए भवन हादसे के बाद प्रशासन और नगर निगम अमला अवैध निर्माणों को लेकर अब बेहद सख्त हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर के नेतृत्व में निगम की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए जहां बिना अनुमति बन रहे एक मकान की दीवारें ढहा दीं, वहीं सरकारी जमीन से अतिक्रमण भी साफ करवाया।

निगम की टीम कार्रवाई के लिए खानशाहवली वार्ड पहुंची, जहां फरीद खान द्वारा करीब 15 बाय 30 वर्गफीट के भूखंड पर मकान का निर्माण किया जा रहा था। यह निर्माण छत की ऊंचाई तक पहुंच चुका था। मौके पर जब अधिकारियों ने मकान मालिक से बिल्डिंग परमिशन मांगी, तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने तत्काल निर्माण तोड़ने के निर्देश दिए, जिसके बाद निगम कर्मियों ने निर्माणाधीन दीवारों को मौके पर ही गिरा दिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने सख्त लहजे में हिदायत दी कि जब तक विधिवत अनुमति नहीं मिल जाती, तब तक निर्माण में एक ईंट भी न जोड़ी जाए।इसके अलावा निगम की टीम ने शकर तालाब क्षेत्र में भी अभियान चलाया। यहां सरकारी जमीन पर अवैध रूप से झोपड़ियां बनाकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे लोगों को खदेड़ा गया। साथ ही वृंदावन विहार कॉलोनी के गेट के पास अतिक्रमण कर रखे गए एक टप को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया। विदित हो कि हाल ही में बिना अनुमति निर्माण के लिए की जा रही खुदाई के चलते एक तीन मंजिला इमारत गिर गई थी, जिसके बाद से ही निगम द्वारा शहर भर में ऐसे अवैध निर्माणों का सर्वे कर कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध शराब के 14 और सट्टे का 1 प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** खंडवा नए साल की शुरुआत के साथ ही खंडवा पुलिस ने अपराधों पर लगाम कसने के लिए विशेष अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 1 जनवरी को जिले भर में अवैध शराब, सट्टा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दबिश देकर अवैध शराब बेचने और पिलाने वाले कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।